CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 09-09-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG7 User: cci Time: 09-08-2026 23:59 Color:

11 साल से सीने में चुभ रही थी ड्रिल बिट, डॉक्टरों ने निकाली

इम्प्लांट निकालने के दौरान छूटी थी मेटैलिक ड्रिल बिट, PGI के डॉक्टरों ने दिलाई निजात

■ **NBT न्यूज, लखनऊ**

संजय गांधी पीजीआई (SGPGI) के एपेक्स ट्रॉमा सेंटर के डॉक्टरों ने एक बेहद जटिल और दुर्लभ सर्जरी कर 53 वर्षीय मरीज के सीने में करीब 11 साल से फंसी लोहे की ड्रिल बिट (ड्रिल मशीन का नुकीला सिरा) को सुरक्षित बाहर निकाल लिया है। मरीज को लंबे समय से सीने के दाहिने हिस्से में लगातार दर्द हो रहा था, जिससे अब उसे पूरी तरह राहत मिल गई है।

कुशीनगर निवासी 53 वर्षीय अब्दुल कादिर वर्ष 2014 में एक सड़क हादसे में घायल हो गए थे, जिसमें उनके दाहिने हाथ की हड्डी (ह्यूमरस) टूट गई थी। साल 2015 में इसका ऑपरेशन हुआ। इसके बाद के सालों में इम्प्लांट लगाने और उसे निकालने के लिए कई बार सर्जरी हुई। इसी दौरान ड्रिल बिट शरीर के भीतर ही छूट गई थी। मरीज पिछले 11 सालों से सीने में लगातार दर्द की समस्या झेल रहा था और हाल ही में एपेक्स ट्रॉमा सेंटर पहुंचा।

ऑपरेशन की टीम में ये रहे शामिल

- **लीड**: एडिशनल चीफ प्रो. अमित कुमार सिंह
- **ऑर्थोपेडिक्स**: डॉ. अमित कुमार (एडिशनल प्रोफेसर)
- **ट्रॉमा सर्जरी**: डॉ. आदित्य और डॉ. वरुण गुप्ता (सीनियर रेजिडेंट्स)
- **एनेस्थीसिया**: डॉ. वंश (एडिशनल प्रोफेसर)

निकाली गई मेटैलिक ड्रिल बिट।

मल्टीडिसिप्लिनरी टीम ने संभाला मोर्चा

जांच में सीने में मेटैलिक फॉरेन बॉडी (ड्रिल बिट) दिखने पर मामला बेहद पेचीदा हो गया। इसके बाद कई विभागों ने मिलकर सर्जरी प्लान की और ड्रिल बिट सफलतापूर्वक निकाली।

KGMU में बनेगा फिजियोथेरपी विभाग

■ **NBT न्यूज, लखनऊ :** इलाज के बाद मरीज को दोबारा सामान्य जिंदगी में लाना भी उतना ही जरूरी है, जितना बीमारी या चोट का इलाज करना। इसमें फिजियोथेरपी की बड़ी भूमिका है। कंधे की सर्जरी के बाद सही एक्सरसाइज से मरीज की परेशानी कम करने और हाथ की गतिविधि लौटाने में मदद मिलती है।

केजीएमयू में फिजियोथेरपी का अलग विभाग बनेगा। कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद ने मंगलवार को विश्व फिजियोथेरपी दिवस पर हुए कार्यक्रम में यह बात कही। कलाम सेंटर में हुए कार्यक्रम में उन्होंने केजीएमयू में अलग फिजियोथेरपी विभाग बनाने का भरोसा दिया।

डॉ. सोनिया नित्यानंद ने कहा कि अस्पताल के कई विभागों में इलाज करा रहे मरीजों को फिजियोथेरपी की जरूरत पड़ती है। उन्होंने इसके लिए असोसिएशन से प्रस्ताव देने को कहा और समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर करने का भरोसा दिया। डीन एलाइड ऐंड हेल्थ साइंसेज प्रो. केके सिंह ने फिजियोथेरपी की जरूरत और उपयोगिता बताई। मौके पर फिजियोथेरपिस्ट डॉ. योगेश माध्यान, डॉ. अभिषेक चौधरी, अतुल मिश्रा डॉ. तेजबीर सिंह मौजूद रहे।

मोहल्ले के लोगों ने चंदा जुटाकर बनवाई सड़क

■ **NBT न्यूज, सरोजनीनगर :** नगर निगम के बिजली पासी द्वितीय वॉर्ड स्थित नई बस्ती के लोगों ने पांच साल से बदहाल सड़क की समस्या का समाधान खुद ही कर लिया। नगर निगम और जनप्रतिनिधियों से कई बार शिकायत के बावजूद सुनवाई नहीं होने पर मोहल्ले के लोगों ने चंदा जुटाया और करीब 150 मीटर लंबे कच्चे व कीचड़युक्त रास्ते पर ईंट-पत्थर का मलबा डलवाकर उसे चलने लायक बनवाया। नई बस्ती में करीब 55 परिवार रहते हैं। बारिश के दिनों में यहां जलभराव और कीचड़ हो जाता था। इससे लोगों को परेशानी होती थी। स्थानीय लोगों के मुताबिक, कीचड़ में फिसलकर कई लोग चोटिल भी हो चुके हैं।

कभी भी ढह सकता है BKT चकबंदी दफ्तर

■ **NBT न्यूज, बीकेटी :** बख्शी का तालाब (बीकेटी) चकबंदी कार्यालय की इमारत बेहद जर्जर हो चुकी है। छत और दीवारों से प्लास्टर झड़ रहा है और बारिश में कई दिनों तक पानी टपकता रहता है। इसी खतरनाक छत के नीचे स्टाफ, वकील और फरियादी बैठने को मजबूर हैं।

चकबंदी कोर्ट की पेशकार अनीता यादव के मुताबिक, पूरा स्टाफ सिर्फ एक ही कमरे में सिमटा है और हर वक्त हादसे का डर बना रहता है।

सफाई ठप कर सड़क पर उतरे कर्मचारी

दी चेतावनीः मांगें न मानी गईं तो पूरी तरह काम बंद कर हड़ताल पर जाएंगे

■ **NBT न्यूज, लखनऊ :** जिन हाथों पर सरकारी अस्पतालों को संक्रमणमुक्त रखने का जिम्मा है, वे मंगलवार को अपने हक की लड़ाई के लिए सड़क पर उतर आए। बलरामपुर, सिविल, डफरिन और झलकारी बाई समेत कई अस्पतालों के सफाई कर्मचारियों ने सुबह 8 बजे काम रोक दिया। करीब 9 बजे बड़ी संख्या में कर्मचारी सिविल अस्पताल जुटे और वहां से पैदल डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के राजभवन कॉलोनी स्थित आवास की ओर कूच किया। डिप्टी सीएम ने कर्मचारियों से मिलकर कहा कि वह उनकी मांगों पर विचार किया जाएगा।

मुख्य मांगें

- सफाई कर्मचारी मैनपावर में शामिल हो और समान काम के लिए समान वेतन मिले।
- सभी को 'यूपीकोस' के दायरे में लाया जाए।
- ईपीएफ और ईएसआई में पारदर्शिता, साप्ताहिक अवकाश की सुविधाएं मिलें।
- ठेकेदारों द्वारा वेतन कटौती और गड़बड़ी की जांच कराई जाए।

दोपहर तक जूझता रहा प्रशासन : राजधानी के सरकारी अस्पतालों में 1,000 से अधिक सफाई कर्मचारी तैनात हैं। मंगलवार को इनमें से बड़ी संख्या में कर्मचारी काम छोड़कर प्रदर्शन में शामिल हुए। इसका सीधा असर सुबह की नियमित सफाई पर पड़ा। वार्डों और गलियारों में गंदगी पसरी रही और मरीजों-तीमारदारों की आवाजाही वाली जगहों पर वक्त पर झाड़ू-पोंछा नहीं हो सका। कूड़े के ढेर भी फौरन नहीं हटे। दोपहर तक अस्पताल प्रशासन को बचे हुए स्टाफ से जैसे-तैसे व्यवस्था संभालनी पड़ी। अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा के पदाधिकारी अधिवक्ता अविनाश भारती, संजय वाल्मीकि और सुबोध कुमार वाल्मीकि ने मांगें रखीं

डिप्टी सीएम आवास पर प्रदर्शनकारियों का तांता

■ **NBT न्यूज, लखनऊ:** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के राजभवन कॉलोनी स्थित आवास पर मंगलवार को कई अलग-अलग मांगों को लेकर प्रदर्शनकारियों का जमावड़ा लगा रहा:

■ **आयुष छात्र-छात्राएं:** स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग की। छात्रों का कहना है कि 2011 के बाद से इसमें कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है और उन्हें अब भी महज 7,500 रुपये महीना मिल रहा है।

■ **फार्मासिस्ट अभ्यर्थी:** UPSSSC फार्मासिस्ट भर्ती के 564 पदों पर प्रक्रिया पूरी कराने की मांग को लेकर पहुंचे।

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने सभी की बात सुनी और कार्रवाई का भरोसा दिया।

कैंसर के इलाज में अब AI की एंट्री, VKSU से करार

■ **NBT न्यूज, लखनऊः** कैंसर की जल्द पहचान, इलाज और रिसर्च के लिए कल्याण सिंह सुपर स्पेशिएलिटी कैंसर इंस्टिट्यूट (KSCI) और वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय (VKSU), आरा के बीच मंगलवार को एमओयू हुआ। दोनों संस्थान मिलकर आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (AI) आधारित तकनीक विकसित करने के साथ मॉलिक्यूलर डायग्नोस्टिक्स और नेक्स्ट जेनरेशन सीक्वेंसिंग (NGS) जैसी आधुनिक जांच तकनीकों पर काम करेंगे। कैंसर संस्थान के निदेशक प्रो. एमएलबी भट्ट की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में संस्थान के कार्यपालक कुलसचिव डॉ. आयुष लोहिया और VKSU के सहायक रजिस्ट्रार व एमओयू प्रभारी नवनीत सिंह ने समझौते पर हस्ताक्षर किए।

जल्द पहचान और इलाज के लिए नई तकनीक विकसित करेंगे, शोधार्थियों को मिलेगा प्रशिक्षण

समझौते के तहत कैंसर की रोकथाम, जल्द पहचान और इलाज को लेकर संयुक्त शोध परियोजनाएं चलाई जाएंगी। कैंसर रोगियों से जुड़े क्लिनिकल रिसर्च में सहयोग के साथ संकाय सदस्यों, वैज्ञानिकों और शोधार्थियों का आदान-प्रदान होगा। कार्यक्रम में डीन प्रो. प्रमोद कुमार गुप्ता, प्रो. विजेंद्र कुमार मौजूद रहे।

फेडरेशन में कई को मिलीं जिम्मेदारियां

■ **NBT न्यूज, लखनऊः** यूथ फार्मेसिस्ट फेडरेशन ने संगठनात्मक और विधिक बदलाव करते हुए प्रांकुर कुमार यादव और काव्या तिवारी, एडवोकेट हाई कोर्ट को विधिक सलाहकार नामित किया है। लोकबंधु अस्पताल के सुमित को लखनऊ जिलाध्यक्ष के साथ प्रांतीय उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। इस दौरान फेडरेशन के जनपद सचिव धीरेंद्र, प्रांतीय संरक्षक उपेंद्र, उपाध्यक्ष प्रवीण यादव, प्रदेश अध्यक्ष आदेश कृष्ण, महासचिव देवेंद्र कुमार मौजूद रहे।

आज PWD मुख्यालय घेरने पर अड़े किसान

■ **NBT न्यूज, नगरामः** कमालपुर बिचलिखा माइनर से कुबहरा तक अधूरी सड़क के निर्माण की मांग को लेकर कुबहरा सामुदायिक मिलन केंद्र पर राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन का धरना मंगलवार को 21वें दिन भी जारी रहा। धरना स्थल पर पहुंचे उपजिलाधिकारी मोहनलालगंज आकाश सिंह ने किसानों से वार्ता कर उन्हें समझाने का प्रयास किया, लेकिन वार्ता विफल रही। एसडीएम ने कहा कि संयुक्त बैठक कराकर सड़क निर्माण का रास्ता निकाला जाएगा। किसानों ने चेतावनी दी कि बुधवार सुबह 10 बजे तक जिलाधिकारी के समक्ष बैठक नही हुई तो वे पीडब्ल्यूडी प्रमुख अभियंता कार्यालय का घेराव करेंगे।

PGI में सिखाया सीपीआर देना

■ **NBT न्यूज, लखनऊ :** एसजीपीजीआई में मंगलवार को राष्ट्रीय पोषण माह कार्यक्रम में हृदय रोग विभागाध्यक्ष डॉ. आदित्य कपूर ने कहा कि दिल का दौरा पड़ने पर शुरुआती मिनट बेहद अहम होते हैं और सीपीआर की जानकारी जान बचा सकती है। संतुलित खानपान से शरीर-मन स्वस्थ रहता है। कार्यक्रम में डॉ. कपूर और डॉ. एलके भारती ने करीब 220 लोगों को सीपीआर व बुनियादी जीवन रक्षक तकनीक का प्रशिक्षण दिया। इस दौरान 'पोषण से स्वास्थ्य की राह' पर परिचर्चा हुई। आहार विशेषज्ञों ने खानपान और व्यायाम पर चर्चा की। उत्कृष्ट भोजन सेवा देने वाले 10 कर्मचारियों को सम्मानित भी किया गया।

बैंककर्मियों ने जताया विरोध, 11 को हड़ताल

■ **NBT न्यूज,लखनऊ :** 5 दिवसीय बैंकिंग, भेदभाव-रहित पीएलआई योजना लागू करने और लंबित मुद्दों के निस्तारण के लिए बैंककर्मियों ने मंगलवार को काला फीता लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (लखनऊ जिला इकाई) के संयोजक अनिल श्रीवास्तव और वाईके अरोड़ा, दिनेश कुमार सिंह, एसके संगतानी, लक्ष्मण सिंह, वीके माथुर, संदीप सिंह, अशोक अग्रवाल और सचिन केसरवानी ने स्पष्ट किया कि बैंककर्मी आश्वासन नही, बल्कि ठोस परिणाम चाहते हैं। मांगें पूरी होने तक संघर्ष जारी रहेगा। मीडिया प्रभारी अनिल तिवारी ने बताया कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंककर्मी 11 सितंबर को देशव्यापी हड़ताल करेंगे।

भारतीय रिज़र्व बैंक नोट मुद्रण प्रा. लिमिटेड (बीआरबीएनएमपीएल)
(भारतीय रिज़र्व बैंक की संपूर्ण स्वामित्वाधीन सहायक कंपनी)
पो.ऑ. आरबीएनएमएल, शालबनी–721132, जिला पश्चिम मेदिनीपुर, पश्चिम बंगाल
फ़ोन नं.: 03227–280176 / 280317; फैक्स नं.: 03227–280744 / 280222

खुली निविदा पूछताछ (ओटीई)/राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मक बोली (एनसीबी)

निम्नलिखित ई–टेंडरों के लिए एमएसटीसी पोर्टल के माध्यम से दो–भाग वाली बोली प्रणाली के तहत बोलियां आमंत्रित की जाती है –

1. बीआरबीएनएमपीएल, मैसूर एवं शालबनी के लिए एक्सेसरीज सहित 8 नग नए एलएचबी प्रकार के रेलवे ट्रेजरी वैन का डिजाइन, इंजीनियरिंग, निर्माण, असेंबली, परीक्षण, निरीक्षण, आपूर्ति एवं परिवहन तथा मौजूदा 08 नग आईसीएफ प्रकार के ट्रेजरी वैन का बायबैक। एमएसटीसी इवेंट संख्या: बीआरबीएनएमपीएल / शालबनी प्रेस / एमएमडी / 24 / 26–27 / ईटी / 50 [रेलवे ट्रेजरी वैन]; बीआरबीएनएमपीएल निविदा संख्या 009 / एसएएल / पीयूआर / 2026–27; [अनुमानित लागत – ₹4800 लाख]
2. बीआरबीएनएमपीएल, शालबनी के प्लांट क्षेत्र के अंदर स्थित यूटिलिटी भवनों की मरम्मत, सुधार, वॉटरप्रूफिंग एवं पुनः पेंटिंग का कार्य। एमएसटीसी इवेंट संख्या: बीआरबीएनएमपीएल / शालबनी प्रेस / एमएमडी / 26 / 26–27 / ईटी / 52 [वॉटरप्रूफिंग कार्य]; बीआरबीएनएमपीएल निविदा संख्या 012 / एसएएल / एमएमडी / सिविल / 2026–27; [अनुमानित लागत – ₹550 लाख]

निविदा जमा करने की अंतिम तिथि क्रमांक 1 के लिए 13.11.2026, सुबह 11:00 बजे तक और क्रमांक 2 के लिए 09.10.2026, सुबह 11:00 बजे तक है। निविदा दस्तावेज़ और अन्य विवरण डाउनलोड करने के लिए, कृपया वेबसाइट www.mstcecommerce.com पर जाएँ। निविदा विवरण हमारी वेबसाइट www.brbnmpl.co.in पर भी उपलब्ध हैं। आगे कोई संशोधन होने पर उपरोक्त वेबसाइटों पर अपलोड किया जाएगा।

वरिष्ठ महाप्रबंधक

सार्वजनिक सूचना

परियोजना को पर्यावरणीय मंज़ूरी मिली

आम जनता को सूचित किया जाता है कि "भारतीय प्रबंधन संस्थान मुंबई द्वारा पासपोली गाँव, एस वार्ड, विहार सरोवर मार्ग, पवई, जिला मुंबई उपनगर के सी.टी.एस. क्रमांक 32, 34, 34/1 से 34/6, 35, 35/1 से 35/211, 54, 67/बी, 67/बी(पीटी) वाले प्लॉट पर भारतीय प्रबंधन संस्थान मुंबई के प्रस्तावित पुनर्विकास" शीर्षक वाली परियोजना को राज्य स्तरीय प्रभाव मूल्यांकन प्राधिकरण (एसईआईएए), महाराष्ट्र द्वारा प्रस्ताव क्रमांक एसआईए/एमएच/आईएनएफआरए2/583039/2026 दिनांक 03/09/2026 के अनुसार पर्यावरणीय मंज़ूरी (ईसी) प्रदान की गई है।

पर्यावरण मंज़ूरी पत्र की डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित प्रति पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफ&सीसी) की वेबसाइट https://parivesh.nic.in/ पर देखी जा सकती है।

यह विज्ञापन पर्यावरणीय स्वीकृति पत्र की शर्तों के अनुसार जारी किया गया है।

परियोजना प्रस्तावक:
भारतीय प्रबंधन संस्थान मुंबई
तारीख: 09.09.2026

बैंक ऑफ इण्डिया Bank of India BOI

आंचलिक कार्यालयः "स्टार हाऊस" विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ–226010, फोनः 0522–2721512

चल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

ऋणी व जमानतकर्ता को विशेष रूप से व सर्वसाधारण को सामान्य रूप से सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित सुरक्षित ऋण प्रदाता बैंक द्वारा बंधक / प्रभारित चल सम्पत्ति का **बैंक ऑफ इण्डिया** के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा भौतिक कब्जा लिया गया है। बन्धक सम्पत्ति की बिक्री **"जो है, जहाँ है, जैसी है एवं जैसी भी स्थिति में है, दायित्व रहित"** के आधार पर की जायेगी।

ईएमडी/दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि-25.09.2026, सायं 05:00 बजे तक
ई-नीलामी की तिथि एवं समय 25.09.2026, प्रातः 11:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक

क्र. सं.	खातेदार का नाम / देय राशि / शाखा	वाहन का विवरण	निर्धारित आरक्षित मूल्य / अग्रिम धनराशि (₹)
1.	श्रीमती नीलम पत्नी गोविन्द ₹ 7.83 लाख + देय ब्याज़ एवं व अन्य खर्चे दिनांक 28.08.2023 से शाखाः इंदौराबाग	पंजीकरण सं. UP-32-RN-3533, पंजीकरण दिनांक–28.07.2022, मेक–टाटा, मॉडल–टाटा योद्धा, चेसिस सं. MAT464664NSD07452, इंजन सं. VARICOR12DXXJ10219	₹ 2,85,000/- ₹ 28,500/-
2.	श्री नागेंद्र कुमार सिंह पुत्र श्री रमेश बक्श सिंह ₹ 4,06,929.45 + देय ब्याज़ एवं व अन्य खर्चे दिनांक 29.05.2025 से शाखाः बहरामघाट	पंजीकरण सं. UP32ML6379, पंजीकरण दिनांक–04.12.2021, मेक–मारुति सुजुकी, मॉडल–टूर एस एस्टीडी सीएनजी–स्विफ्ट डिजायर, चेसिस सं. MA3EJKD1S00C80539, इंजन सं. K12MN2417641	₹ 2,85,000/- ₹ 28,500/-

1. बिक्री के नियम व शर्तों की विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया https:www.bankofindia.bank.in/e-auction.htm एवं www.baanknet.com ई–नीलामी सेवा प्रदाता की वेबसाइट–www.baanknet.com में दिए गए लिंक को देखें। साथ ही, संभावित बोलीकर्ता प्राधिकृत अधिकारी से ऊपर दिए गए दूरभाष पर संपर्क कर सकते हैं। 2. सम्पत्ति की बिक्री "जहाँ है, जैसे है" व "जो है, जैसे है" के आधार पर होगी। 3. सफल बोलीकर्ता को नियमानुसार देय खर्च / शुल्क जैसे स्टैम्प शुल्क, रजिस्ट्रेशन शुल्क इत्यादि स्वयं वहन करना होगा। **4. विक्रय की जाने वाली वस्तुओं पर किसी भी प्रकार के कर तथा किसी भी प्रकार के सरकारी अथवा अन्य बकाये हेतु प्राधिकृत अधिकारी उत्तरदायी नहीं होगा। 5. बिना कोई कारण बताये किसी भी निविदा को स्वीकार/अस्वीकार करने अथवा बोली को निरस्त/स्थगित करने का अधिकार प्राधिकृत अधिकारी के पास आरक्षित है। 6.** इच्छुक निविदाकर्ता सम्पत्ति का निरीक्षण **प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ इण्डिया से अनुमति लेकर दिनांक 09.09.2026 से 24.09.2026** तक **प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे** के मध्य कर सकते हैं। किसी भी अन्य प्रकार की जानकारी के लिये प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ इण्डिया अस्ति वसूली विभाग, "स्टार हॉउस" विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से सम्पर्क करें। 7. क्रेता को वाहन बैंक के परिसर से पूरा पैसा जमा करने की तिथि से 5 दिन के अन्दर उठाना होगा, अन्यथा रूपये 500/– प्रतिदिन की दर से किराया वसूला जायेगा। 8. परिवहन विभाग में वाहन के हस्तान्तरण / पंजीकरण / संबंधी तथा अन्य कार्य व उनका भुगतान क्रेता को स्वयं वहन करना होगा तथा वाहन पर अन्य भार का भुगतान व बीमा राशि भी क्रेता को ही वहन करना होगा। 9. यह प्रकाशन सम्बन्धित सम्पत्तियों के **उधारकर्ता, बंधककर्ता अथवा जमानतदार** हेतु उपरोक्त सम्पत्तियों पर बकाया देय राशि का पूरा भुगतान न होने की दशा में उल्लिखित तिथि से **15 दिनों** का नोटिस भी है।

वैधानिक 15 दिनों की बिक्री सूचना

ऋणी / जमानतकर्ता को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि ई–नीलामी की तारीख से पहले उपरोल्लेखित राशि के साथ ब्याज एवं सहायक खर्चों का भुगतान करें, ऐसा न करने पर संपत्ति / वाहन की नीलामी / बिक्री कर दी जाएगी और बकाया राशि, यदि कोई हो, की वसूली कर ली जाएगी ब्याज एवं लागत सहित।

दिनांकः 08.09.2026 स्थानः लखनऊ प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ इण्डिया

इंडियन बैंक Indian Bank

अंचल कार्यालय, नियर रोडवेज बस स्टैंड गोण्डा (उ.प्र.) – 271001

मांग सूचना

सिक्योरिटी इन्टरेस्ट एक्ट, 2002 के प्रवर्तन एवं वित्तीय सम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निमाण की धारा 13(2) के तहत नोटिस

जबकि, **इंडियन बैंक** के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा सरफेसी एक्ट की धारा 13(2) के अन्तर्गत निम्न ऋणियों को मांग सूचना भेजी गई थी। चूंकि डाक द्वारा भेजी गये उक्त नोटिस को प्राप्तकर्ता के प्रतिनिधियों द्वारा प्राप्त नहीं किया गया। अतः इस प्रकाशन के माध्यम से ऋणियों को नोटिस प्राप्ति के 60 दिनों के भीतर दर्शायी गयी राशि का भुगतान करने की मांग की जाती है अन्यथा सरफेसी एक्ट की धारा 13(12) तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) अधिनियम 2002 के नियम 8 व 9 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों के अन्तर्गत बैंक चल / अचल सम्पत्ति का कब्जा लेकर बिक्री कर देगा। उधारकर्ता(ओं) / जमानतकर्ता(ओं) को विशेष रूप से और सर्वसाधारण को सामान्यता एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि इस चल / अचल सम्पत्ति में कोई लेन–देन न करें और इससे किसी प्रकार का लेन–देन बकाया राशि और उस पर निहित अप्रायोजित ब्याज एवं अन्य खर्चे हेतु **इंडियन बैंक** के अध्याधीन होगा।

क्र. सं.	ऋणकर्ता(ओं) / ज़मानतकर्ता(ओं) का नाम व पता / मांग सूचना की तिथि	बकाया धनराशि (रू) / एनपीए तिथि	सम्पत्ति का विवरण
	शाखाः केयूएमएस गोंडा शाखा		
1.	1. **श्री अविनाश सिंह (ऋणी एवं बंधककर्ता) पुत्र श्री बैजनाथ सिंह,** निवासी– बछईपुर, रूद्रगढ़ नौशी, गोंडा उ.प्र. – 271602. 2. **श्री अविनाश सिंह (ऋणी एवं बंधककर्ता) पुत्र श्री बैजनाथ सिंह,** निवासी– फ्लैट सं. सी–24 / 02 / 06 ब्लॉक सी–24, फ्लैट का प्रकार एक बेड रूम (टाइप सी) सुलभ आवास, सेक्टर–6, गोमती नगर एक्सटेंशन, लखनऊ **मांग सूचना की तिथिः 12.08.2026**	रू. 7,50,941.00 दिनांक 12.08.2026 तक + + अप्रयुक्त ब्याज, कानूनी खर्च एवं उसपर अन्य खर्च एनपीए तिथिः 05.08.2026	फ़्लैट सं. सी–24 / 02 / 06, ब्लॉक सी–24, ग्राउंड फ़्लोर, सुलभ आवास, सेक्टर–6, गोमती नगर एक्सटेंशन, लखनऊ; **क्षेत्रफल– 30.48 वर्ग मीटर; विक्रय विलेख दिनांक 02.02.2024 मालिकः** अविनाश सिंह, बही सं. 1, जिल्द सं. 16316, पृष्ठ सं. 271 से 284, विक्रय विलेख सं. 1090, लखनऊ सदर पंचम के उप–रजिस्ट्रार कार्यालय में निष्पादित, **चौहद्दीः बगल में**– सी–24 / 01 / 06, सी–24 / 03 / 06 एवं सीढ़ी; **ऊपर**– सी–24 / 12 / 06; **नीचे**– कुछ नहीं
	शाखाः रानी बाजार शाखा		
2.	1. **मेसर्स यूनिवर्सल कॉन्ट्रैक्टर्स एण्ड इंजीनियर्स (ऋणी), प्रोप– श्री अविनाश सिंह पुत्र श्री बैजनाथ सिंह, पता–** नैयर कॉलोनी गोंडा, श्री रघुकुल विद्यापीठ, सिविल लाइन गोंडा उत्तर प्रदेश – 271001 2. **श्री अविनाश सिंह (ऋणी एवं बंधककर्ता) पुत्र श्री बैजनाथ सिंह, निवासी**– बछईपुर, रूद्रगढ़ नौशी, गोंडा उ.प्र. – 271602. 3. **श्री अविनाश सिंह (ऋणी एवं बंधककर्ता) पुत्र श्री बैजनाथ सिंह, निवासी**– फ्लैट सं. सी–24 / 02 / 06 ब्लॉक सी–24, फ्लैट का प्रकार एक बेड रूम (टाइप सी) सुलभ आवास, सेक्टर–6, गोमती नगर एक्सटेंशन, लखनऊ **मांग सूचना की तिथिः 10.08.2026**	रू. 30,73,210.00 दिनांक 10.08.2026 तक + + अप्रयुक्त ब्याज, कानूनी खर्च एवं उसपर अन्य खर्च एनपीए तिथिः 05.08.2026	गाटा संख्या 93 / 0.3200 हेक्टेयर, स्थित ग्राम छावनी सरकार, परगना / तहसील एवं ज़िला – गोंडा, उ.प्र., **कुल ज़मीन का क्षेत्रफल = 1311 वर्ग फ़ीट या 121.95 वर्ग मीटर;** विक्रय विलेख दिनांक 19.01.2008, बुक संख्या 1, जिल्द संख्या–4622, पृष्ठ 375 से 398, क्रमांक 812, उप–रजिस्ट्रार कार्यालय गोंडा, ज़िला गोंडा, उ.प्र. में पंजीकृत, **चौहद्दीः पूर्वः** कच्चा रास्ता, **पश्चिमः** चक मार्ग, **उत्तरः** श्रीमती डाली सिंह का प्लॉट, **दक्षिणः** श्री राम प्रसाद का प्लॉट
	शाखाः उतरौला शाखा		
3.	1. **मेसर्स शिवा ट्रेडर्स (ऋणी, प्रोपराइटर– श्री चंद्रभान गुप्ता),** निवासी महदेइया मोड़, उतरौला, बलरामपुर (उत्तर प्रदेश)– 271604 2. **श्री चंद्रभान गुप्ता पुत्र स्वर्गीय सुकई राम गुप्ता (ऋणी एवं प्रोपराइटर),** निवासी महदेइया मोड़ महदेइया पोस्ट महदेइया राज्य, बनगावा, बलरामपुर (उत्तर प्रदेश)– 271609 3. **श्रीमती राम दुलारी पत्नी स्वर्गीय सुकई राम (जमानतकर्ता एवं बंधककर्ता),** निवासी महदेइया मोड़ महदेइया पोस्ट महदेइया राज्य, बनगावा, बलरामपुर (उत्तर प्रदेश)– 271609 4. **मृतक श्री धर्म प्रकाश गुप्ता पुत्र बृज लाल की संपत्ति का प्रतिनिधित्व कानूनी उत्तराधिकारियों द्वारा किया गया।** महदेइया मोड़ महदेइया पोस्ट महदेइया स्टेट, बनगावा, बलरामपुर (उत्तर प्रदेश) – 271609 **मांग सूचना की तिथिः 03.09.2026**	रू. 14,98,236.00 दिनांक 03.09.2026 तक + + अप्रयुक्त ब्याज, कानूनी खर्च एवं उसपर अन्य खर्च एनपीए तिथिः 14.07.2026	प्लॉट / गाटा सं. / मकान सं.–155 मिन स्थित ग्राम– गुमरही, परगना एवं तहसील– उतरौला, ज़िला– बलरामपुर (उत्तर प्रदेश), **क्षेत्रफल– 805 वर्ग फ़ीट; विक्रय विलेख दिनांक 18.01.2010 मालिकः** श्रीमती राम दुलारी, बुक सं. 1, जिल्द सं. 2832, पृष्ठ सं. 91 से 108, क्रमांक 211, उप–रजिस्ट्रार कार्यालय उतरौला में निष्पादित, **चौहद्दीः पूर्वः** उतरौला गोंडा रोड, **पश्चिमः** विक्रेता (खलील अहमद) की सम्पत्ति (डीड के अनुसार), **उत्तरः** स्वर्गीय राम मनोरथ की बेटी का मकान **दक्षिणः** विक्रेता (खलील अहमद) की सम्पत्ति (डीड के अनुसार)
	शाखाः तुलसीपुर शाखा		
4.	1. **मेसर्स विशाल ब्रिक फील्ड (ऋणी), प्रोपः श्री विशाल सिंह पुत्र श्री जितेंद्र कुमार सिंह,** निवासी भुदावा शंकरनगर तहसीलः तुलसीपुर जिलाः बलरामपुर (उ.प्र.) पिन–271210 2. **श्री विशाल सिंह (ऋणी एवं बंधककर्ता), पुत्र श्री जीतेन्द्र कुमार सिंह,** निवासी भुदावा शंकरनगर, तहसीलः तुलसीपुर जिलाः बलरामपुर (उ.प्र.) 271210 3. **श्री शौरभ सिंह (जमानतकर्ता एवं बंधककर्ता) पुत्र श्री जीतेन्द्र कुमार सिंह,** निवासी भुदावा शंकरनगर तहसीलः तुलसीपुर जिलाः बलरामपुर (उ.प्र.) पिन–271210 4. **श्री जीतेन्द्र कुमार सिंह (जमानतकर्ता) पुत्र श्री नरेन्द्र बहादुर सिंह,** निवासी–भुड़वा शंकरनगर तहसीलः तुलसीपुर जिलाः बलरामपुर (उ.प्र.) 271210 5. **मृतक श्री सोहराब (जमानतकर्ता) पुत्र दोस्त मोहम्मद की संपत्ति,** निवासी भदवा शंकर नगर पोस्ट जमुनी कला, गैंसरी, तहसीलः तुलसीपुर जिलाः बलरामपुर 271210 **मांग सूचना की तिथिः 08.09.2026**	रू. 21,07,407.00 दिनांक 08.09.2026 तक + + अप्रयुक्त ब्याज, कानूनी खर्च एवं उसपर अन्य खर्च एनपीए तिथिः 22.06.2026	खाता सं. 288, प्लॉट सं. 331 / 1.5700 हेक्टेयर, ग्राम भाडुवा शंकर नगर, परगना तहसील तुलसीपुर, ज़िला बलरामपुर, 1422–1427, **क्षेत्रफलः 1.5700 हेक्टेयर,** उप–रजिस्ट्रार तुलसीपुर के कार्यालय में पंजीकृत, **चौहद्दीः पूर्वः** श्री अलाउद्दीन की कृषि भूमि, **पश्चिमः** चक रोड उसके बाद कृषि भूमि, **उत्तरः** जितेंद्र कुमार सिंह का बाग, **दक्षिणः** जितेंद्र कुमार सिंह

दिनांकः 09.09.2026 स्थानः लखनऊ प्राधिकृत अधिकारी, इंडियन बैंक